प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.-सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
23, सैक्टर-7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल-100) लखनऊ-226010
website-www.sudaup.org
email-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः- 2279/01/29/HFA-14/2018-19 दिनांकः- 22 जुलाई, 2018

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण, उत्तर प्रदेश।

विषयः- **प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नवीन/विस्तार) घटक के अन्तर्गत मा0 प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 28.07.2018 को एक लाख एक हजार लाभार्थियों को ऑनलाइन प्रथम किश्त की धनराशि हस्तान्तरण किये जाने व प्रत्येक जनपद में चयनित 15-15 लाभार्थियों, जिनको प्रथम किश्त की धनराशि हस्तान्तरित होनी है, को एन0आई0सी0 वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम में उपस्थित रहने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत राज्य स्तर पर एक लाख एक हजार लाभार्थियों को दिनांक 28.07.2018 को कम्प्यूटर पर सिंगल क्लिक से प्रथम किश्त की धनराशि हस्तान्तरित किये जाने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन लाभार्थियों के मोबाइल पर उनके खाते में धनराशि अन्तरित होने के पश्चात् मैसेज भी प्राप्त होगा, जिससे प्राप्त धनराशि की पुष्टि भी होगी।

उपरोक्त के क्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए प्रत्येक जनपद के एनआईसी के वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम में उपस्थित लाभार्थी से सीधा संवाद किया जायेगा। तत्क्रम में प्रत्येक जनपद से कम से कम 15 लाभार्थियों के मोबाइल नम्बर को, जो उनके बैंक खाते से लिंक्ड हो, को प्रमाणित/पुष्टि कर लिया जाये एवं उन लाभार्थियों की उपस्थिति जनपद के एन0आई0सी0 के वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम में सुनिश्चित किया जाए, ताकि संवाद के साथ ही साथ मैसेज प्राप्ति की भी पुष्टि हो सकें। इसके साथ ही साथ प्रत्येक जनपद से उपरोक्तानुसार 15 लाभार्थियों की सूची (मोबाइल नम्बर सहित) सूडा मुख्यालय को दिनांक 23.07.2018 की सायं 5.00 बजे तक ई-मेल sltc.suda@gmail.com पर उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

22.7.2018

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

प्रतिलिपिः-

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. श्री हरि प्रताप शाही, विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0परि0अधि0, डूडा, उ0प्र0 को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
4. समस्त डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।